nt>

**12.04 hrs.**

## BUSINESS OF THE HOUSE

Title: Regarding Government Business for the week commencing 6th December, 2004.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI GHULAM NABI AZAD): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 6th of December, 2004, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper;
2. Discussing on the Statutory Resolution seeing disapproval of the following Ordinances and consideration and passing of the Bills seeking to replace these Ordinances:-

   (a) The Securities Laws (Amendment) Ordinance, 2004; and

   (b) The Enforcement of Security Interest and Recovery of Debts Laws Ordinance, 2004;

3. Discussion and voting on the Supplementary Demands for Grants (Railways) for 2004-05 and introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bill;
4. Consideration and passing of the Payment of Wages (Amendment) Bill, 2004, as passed by Rajya Sabha;
5. Consideration and passing of the Displaced Persons Claims and Other Laws (Repeal) Bill, 2004, after it has been passed by Rajya Sabha.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** अध्यक्ष महोदय, राट्रीय सम विकास योजना में नस सृजित जनपद कौशम्बी, उत्तर प्रदेश के विकास हेतु मुख्य रेल मार्ग पर रोही मार्ग से रेलवे लाईन के ऊप्रर फ्लाईओवर ब्रिज हेतु रेलवे विभाग स्वीकृत एवं आर्थिक मदद करें।

SHRI ABDULLAKUTTY (CANNANORE): The following items may be included in the next week's agenda:-

i. Matter relating to a legislation regulating professional colleges run by private management, with particular reference to admission and transparent fees structure.
ii. Increasing incidents of violent attacks and intimidation of journalists in Kerala and measures required to protect the dignity and institution in the Southern State.

**डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित दो विाय सम्मिलित करें।

(एक) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाओं के क्रियान्वयन तथा केन्द्रीय सड़क निधि से मध्य प्रदेश को पर्याप्त धनराशि स्वीकृत कर प्रस्तावित सड़कों का निर्माण किया जाए।

(दो) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार की सुविधाओं के विस्तार के लिए विशो प्रावधान करें, वर्तमान नियमों में बदलाव करें तथा सभी प्रतिक्षा सूची के नामों को टेलिफोन सुविधा उपलब्ध कराएं। बी.एस.एन.एल. की सुविधाओं से मध्य प्रदेश अन्य प्रदेशों की तुलना में पीछे है, अतः**दूर संचार सुविधाओं के विस्तार हेतु शीघ्र आवश्यक प्रबन्ध करें।**

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): The following items may be included in the next week's agenda:-

i. The largest section of working people in our country are engaged in un-organised sectors. They do not get proper wage, they have no proper hours to work, and they have no social security measures. Proper schemes should be formulated and implemented immediately for their welfare.
ii. The largest section of the rural working people is agricultural workers. They are in great distress due to continuous fall in their working days. A comprehensive Central legislation is being demanded for the last four decades. This is included in the National Common Minimum Programme and it should be brought, discussed and passed in this Session so as to have a comprehensive Central legislation for the agricultural workers.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** अध्यक्ष महोदय, संसद की आगामी सप्ताह की निर्धारित सूची में निम्न वियों को जोड़ा जाए।

(1) जयपुर को अंतर्राट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा शीघ्र दिया जाए, क्योंकि इसकी घोाणा पिछले बजट सत्र में माननीय वित्त मंत्री जी ने की थी और इसका नाम महाराजा सवाई मानसिंह के नाम पर रखा जाए।

(2) राजस्थान की राजधानी जयपुर को कोटा, भरतपुर व सवाई माधोपुर की भांति रेलवे लाईन का विद्युतीकरण किया जाए, जिससे कि रेलवे की गति में बढ़ोतरी हो सके।

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विाय सम्मिलित किए जाएं।

(1) भूतपूर्व सैनिकों की समान रैंक, समान पेंशन की वाों पुरानी मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर उसे लागू किए जाने की आवश्यकता।

(2) भारतीय सेना में सामान्य ड्यूटी सेवा की भर्ती हेतु हाई स्कूल परीक्षा में 45 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने की आवश्यकता।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित वियों को सम्मिलित किया जाए।

(1) डा. सर हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाए।

(2) राट्रीय राजमार्ग 86 के राहतगढ़ से विदिशा मार्ग की सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाए।

**श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामा सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न वियों को सम्मिलित कर कृतार्थ करें :

(1) झारखण्ड राज्य स्थिति भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अन्तर्गत पश्चिम झरिया क्षेत्र (महुदा ग्रुप) मुनीडीह के भूरगिया परियोजना में 105 मजदूर वा 1976 से 1983 तक स्टोन कटर के रूप में कार्यरत थे। इतने लम्बे समय तक कार्य कर चुके मजदूरों का यथासम्भव शीघ्र कार्य दिया जाये तथा इनका स्थायीकरण किया जाये।

(2) झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला स्थिति पतरातू प्रखंड की इंडो एशियाई ग्लास फैक्टरी 6 सितम्बर, 2004 से प्रबंधन द्वारा बिना श्रम मंत्रालय को सूचित किए बंद कर दी गई। फलस्वरूप हजारों मजदूर एवं कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। इसे तत्काल चालू करवाने की चर्चा करना चाहता हूं।

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न वियों को सम्मिलित कर कृतार्थ करें :

(1) देश में गैस एजेंसियों को, उपभोक्ताओं की कुल संख्या के आधार पर गैस सिलेंडर सप्लाई कर, आम जनता को गैस सिलेंडरों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गैस सिलेंडरों का मूल्य कम किये जाने की आवश्यकता।

(2) देश की बढ़ती हुई महंगाई और मुद्रास्फीति को बढ़ने से रोकने के लिए डीजल तथा पैट्रोल के मूल्यों को अविलम्ब कम किये जाने की आवश्यकता।

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामा सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न वियों को सम्मिलित कर कृतार्थ करें

(1) महाराट्र के सोलापुर में स्थित आकाशवाणी केन्द्र की प्रसारण क्षमता को बढ़ाए जाने से सम्बन्धित विाय।

(2) महाराट्र के सोलापुर जिले के अन्तर्गत पंढरपुर में चन्द्रभागा नदी पर स्थित विट्ठल रकुमई मंदिर को तीर्थस्थल के रूप में विकसित किये जाने और वहां आने वाले देश के विभिन्न भागों के श्रद्धालुओं को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के लिए एक्शन प्लान को लागू किये जाने से सम्बन्धित विाय।

MR. SPEAKER: Mr. Minister, would you like to respond?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI GHULAM NABI AZAD): Sir, we have noted down the issues raised and we will see what can be done.

---